भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2024
गुरुवार, 14 दिसंबर, 2023 / 23 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

अज्ञात उड़न तश्तरी (यूएफओ)

2024. श्री मनीश तिवारी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इम्फाल में बीर टिकेन्द्रजीत अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन के ऊपर हाल ही में देखी गई अज्ञात उड़न तश्तरी (यूएफओ) का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि बीर टिकेंद्रजीत अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन को लगभग तीन घंटे तक बंद रखा गया था और यूएफओ देखे जाने के बाद आने वाली उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विमानपत्तन प्राधिकारियों ने यह महसूस किया कि कथित यूएफओ से विमानों को स्पष्ट और तात्कालिक खतरा है और यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या मंत्रालय को एमएच–370 के 8 मार्च, 2014 को गायब होने से पहले यूएफओं द्वारा इसके मार्ग में बाधा डालने सबंधी हाल की रिपोटों की जानकारी है और यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार के पास यूएफओ देखे जाने की स्थिति में वाणिज्यिक एयरलाइनों की सुरक्षा के लिए कोई कार्यनीति है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार का अंतरिक्ष में परग्रही जीवन अथवा जीवित प्राणियों के संबंध में कोई दृष्टिकोण है और यदि हां, तो तत्सबधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) दिनांक 19.11.2023 को, 14:30 भारतीय मानक समय पर, इम्फ़ाल एटीसी को टेलीफ़ोन के माध्यम से सीआईएसएफ़ नियंत्रण कक्ष से एक संदेश प्राप्त हुआ कि इम्फ़ाल हवाईक्षेत्र के पास एटीसी टावर के बिल्कुल ऊपर एक अज्ञात उड़न तश्तरी देखी गई है। यह उड़न तश्तरी सफ़ेद रंग की प्रतीत हो रही थी तथा वह एटीसी टावर के ऊपर दक्षिणी दिशा की ओर गई और कुछ समय के लिए उसी जगह पर स्थिर रही। उड़न तश्तरी 16:05 भारतीय मानक समय तक नजर आती रही और तत्पश्चात अदृश्य हो गई। (उस दिन इम्फ़ाल में सूर्यास्त का समय 16:26 भारतीय मानक समय था)।

(ख) बीर टिकेंद्रजीत अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर लैंडिंग और टेक-ऑफ लगभग तीन घंटे के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस संबंध में एक एन.ओ.टी.ए.एम (नोटिस टु एयरमेन) जारी किया गया। उड़ान 6ई–275 (कोलकाता से इम्फ़ाल) का मार्ग परिवर्तन करके गुवाहाटी किया गया, उड़ान 6ई–5118 (दिल्ली–इम्फ़ाल) का भी मार्ग परिवर्तन करके कोलकाता किया गया।
प्रस्थान करने तीन विमानों, 6ई–525 (इम्फ़ाल से अगरतला), एआई–734 (इम्फ़ाल से कोलकाता), एआई–890 (इम्फ़ाल से गुवाहाटी) को उड़ान भरने में विलंब हुआ।

(ग) से (घ) हवाईअड्डे के आस–पास कोई भी अज्ञात उड़न तश्तरी, उसके अप्रत्याशित संचलन के कारण, विमानों के प्रचालन में खतरा पैदा करती है। इसलिए, इम्फ़ाल हवाईअड्डे के ऊपर देखी गई उड़न तश्तरी भी विमानों के आवागमन में ऐसा ही खतरा पैदा कर रही थी।

(ङ) और (च) उड़ानों की संरक्षा तथा दक्षता सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) द्वारा स्वीकृत देश की क्षेत्रीय सीमाओं से परे फैले हुए भारतीय हवाई क्षेत्र को नियंत्रित और प्रबंधित करता है। एएआई, भारतीय वायु क्षेत्र के संचार, दिक्चालन और निगरानी के लिए भी उत्तरदायी है।

*****